नाम ........................ अनुक्रमांक ........................

# वार्षिक परीक्षा, 2024
# भूगोल
# कक्षा—11

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश—**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 23 तथा 24 विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 25 एवं 26 मानचित्र कार्य से सम्बन्धित हैं।

(iv) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(v) उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

1. रासायनिक अपक्षय सर्वाधिक प्रभावशाली होता है— 1

(i) चूना-पत्थर प्रदेश (iii) लावा प्रदेश

(ii) बालू प्रदेश (iv) डेल्टा प्रदेश

UPBoardHub

2. लोयस के निर्माण के लिए कौन-सा कारक उत्तरदायी है ? 1

(i) नदी
(ii) पवन
(iii) भूमिगत जल
(iv) हिमानी

3. निम्न में से कौन-सी गैस वायुमण्डल में सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है ? 1

(i) ऑक्सीजन
(ii) नाइट्रोजन
(iii) कार्बन डाइऑक्साइड
(iv) जलवाष्प

4. निम्न में से कौन-सी ठण्डी पवन है ? 1

(i) चिनुक
(ii) मिस्ट्रल
(iii) फोहन
(iv) सिरोको

5. कपरस वाली मिट्टी निम्न में से किसे कहते हैं ? 1

(i) जलोढ़ मिट्टी
(ii) काली मिट्टी
(iii) लाल मिट्टी
(iv) लैटेराइट मिट्टी

6. कौन से राज्य में सर्दी के महीनों में बाढ़ आती है ? 1

(i) असम
(ii) पश्चिम बंगाल
(iii) केरल
(iv) तमिलनाडु

7. भारत में जीवमण्डल निचय की संख्या कितनी है ? 1

(i) 10
(ii) 12
(iii) 18
(iv) 15

8. मौसम वायुमण्डल की निम्न में से कौन-सी अवस्था है ? 1

UPBoardHub

(i) क्षणिक

(ii) दीर्घकालिक

(iii) स्थायी

(iv) इनमें से कोई नहीं

**(ii)**

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)** 2

9. वलन से क्या अभिप्राय है ? 2

10. जल प्रदूषण के दो प्रमुख कारण लिखिए। 2

11. दक्षिण अमेरिका के दो घास के मैदानों के नाम लिखिए। 2

12. हिमानी द्वारा निर्मित दो स्थलाकृतियों के नाम लिखिए। 2

13. डेल्टा किसे कहते हैं ? 2

14. भारत का अक्षांशीय और देशान्तरीय विस्तार लिखिए। 2

15. वन संरक्षण से क्या आशय है ? 2

16. खादर और बांगर में क्या अन्तर है ? 2

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** 4

17. पारिस्थितिक असन्तुलन क्या है ? 4

18. महासागरीय धाराओं के तटवर्ती क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए। 4

19. वायुमण्डल में क्षोभ मण्डल की विशेषताएँ लिखिए। 4

20. उत्तर भारत की नदियों की महत्वपूर्ण विशेषताएँ बताइए। 4

21. मृदा अपरदन के कारणों का वर्णन कीजिए। 4

22. सदाबहार तथा पर्णपाती वनों में अन्तर बताइए। 4

UPBoardHub

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)** 6

23. नदी के अपरदन कार्य द्वारा बनी स्थलाकृतियों का वर्णन कीजिए। 6

**अथवा**

उत्तर प्रशान्त महासागर की धाराओं का वर्णन कीजिए।

24. भूस्खलन को परिभाषित कीजिए। भूस्खलन के परिणाम एवं निवारण के उपाय लिखिए। $2 + 4$

**अथवा**

भारत में वन संरक्षण की आवश्यकता एवं उपायों का वर्णन कीजिए।

**(मानचित्र कार्य)**

25. विश्व के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए—

(i) विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) सबसे छोटा महाद्वीप। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) जापान की राजधानी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) दक्षिणी अमेरिका का प्रमुख वलित पर्वत। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) सबसे बड़ा महासागर। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

26. भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए—

(i) भारत का सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करने वाला स्थान। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) सबसे अधिक चावल उत्पादक राज्य। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

UPBoardHub

(iii) मणिपुर की राजधानी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) पश्चिम बंगाल का प्रमुख पतन। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) भारत और श्रीलंका के मध्य स्थित जल सन्धि। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$